श्रीयोगवासिष्ठसार

The Essence of Yogavāsiṣtha

B. L. Atreya

DARSHANA PRINTERS
MORADABAD.
1962

श्री योगवासिष्ठसार

The Essence of Yogavāsistha

B. L. Atreya

Padmabhushan, Knight Commander. Darshanacharya
Retired Professor and Head of the Departments of Philosophy, Psychology, and Indian Philosophy & Religion,
Banaras Hindu University
(India)

DARSHANA PRINTERS
MORADABAD.
1962

ks on
›sition
ıy be
›rk on
lition-
ki, the
Sans-
āyaṇa.
: is no
earlier
nkara-
' India,
adgītā.
ditions
ccount
literary
ain, it
uld be
ade to
'y from
ttempt,
eas con-
earlier
deas of
nanner,
s alone
Reader

ıe work,
writer,
and Its

Atreya

INTRODUCTION

The *Yogavāsiṣṭha* is one of the best Sanskrit works on Monistic Philosophy. It is not only a theoretical exposition of the deepest Philosophy of India which may be called Spiritualistic Idealism but it is also a great work on Practical Yoga or Methods of Deification of Man. Traditionally it is believed to have been composed by Valmiki, the great author who is said to be the first poet of classical Sanskrit and the composer of the well-known Valmikiya *Rāmāyaṇa.* Whether the tradition is absolutely correct or not there is no doubt that the work *Yogavāsiṣṭha* was composed much earlier than the great monistic philosopher of India, Shri Shankaracharya. It is one of the three greatest spiritual works of India, the other two being, the *Upanishads* and the *Bhagavadgītā.* Traditionally it consists of 32000 stanzas. The current editions of the work, however, contain only27, 687 stanzas. On account of its voluminousness, which is due to, its being a literary work and due to repetition of ideas over and over again, it has always been felt by its readers that the book should be summarized. Quite a number of attempts have been made to summarize it. None of them, however, is satisfactory from logical and scientific points of view. The present attempt, *Yogavāsiṣṭhasāra*, at a summary of the philosophical ideas contained in the book is free from the defects of the earlier attempts. It contains in nutshell all the philosophical ideas of the *Yogavāsiṣṭha* topically arranged in a systematic manner, in the language of the original author, the headings alone being ours. It has been translated into English for the Reader by us.

For a fuller understanding of the Philosophy of the work, the reader is advised to read the other books of the writer, viz., *The Philosophy of Yogavāsiṣṭha*, *Yogavāsiṣṭha and Its Philosophy*, and *Yogavāsiṣṭha And Modern Thought.*

December 1, 1962 **B. L. Atreya**

प्राक्कथन

श्रीयोगवासिष्ठ महारामायण संस्कृत भाषा में अध्यात्म-विज्ञान के सर्वोत्तम ग्रन्थों में से है। कुछ महानुभावों के मतानुसार तो यह ग्रन्थ भारत वर्ष अथवा भूमण्डल का सर्वोत्तम अध्यात्म ग्रन्थ है। बहुत बड़ा (३२००० श्लोकों में) और गहन होने के कारण इसका प्रचार अधिक नहीं है। यहाँ तक कि भारतीय दर्शन का अध्ययन और प्रकाश करने वाले आधुनिक बड़े बड़े विद्वानों का भी ध्यान इसकी ओर कम गया है। लेखक ने कई वर्ष तक इस ग्रन्थ का आनन्ददायक अमृतरस पिया है और अंग्रेज़ी भाषा में इसके ऊपर कुछ लिखा भी है। हिन्दी भाषा में भी एक बड़ी पुस्तक लिखी जा चुकी है जिसका नाम योगवासिष्ठ और उसके सिद्धान्त है। हिन्दी भाषा जानने वाले अध्यात्मज्ञानप्रेमियों के सामने लेखक ने ३२००० श्लोकों का सार १६७ श्लोकों में रखने का साहस किया है। ये श्लोक सूत्र से ही हैं लेकिन प्रयत्न यह किया गया है कि इनमें योगवासिष्ठ के सारे सिद्धान्त आजायें। फिर भी यही विचार मन में आता है कि कहाँ ३२००० और कहाँ १६७! कहाँ क्षीर समुद्र और कहाँ मेरी छोटी सी लुटिया! आशा है विद्वान् लोग क्षमा करेंगे।

दिसम्बर १, १९६२ — भी० ला० आत्रेय

भूमिका ।

श्रीयोगवासिष्ठ—महारामायण, जिसका सार इन १६७ श्लोकों में लेखक ने रखने का प्रयत्न और साहस किया है, संस्कृत साहित्य में एक विलक्षण ग्रन्थ है । जिसने भी इसका आद्योपान्त अध्ययन किया है वही इसकी मुक्तकण्ठ से प्रशंसा करता है। ब्रह्मलीन परमहंस स्वामी रामतीर्थजी ने अपने एक अमेरिका में दिये हुये व्याख्यान में योगवासिष्ठ के सम्बन्ध में कहा है, "योगवासिष्ठ भारत के सर्वोत्तम ग्रन्थों में से है । मेरी राय में तो यह ग्रन्थ भूमण्डल के समस्त ग्रन्थों में से अद्‌भुत ग्रन्थ है। इसका अध्ययन करने पर ब्रह्मानन्द का अनुभव न होना असम्भव है" । काशी के प्रसिद्ध विद्वान् डाक्टर भागवन दास जी ने लिखा है, "वेदान्तियों की यह धारणा है कि योगवासिष्ठ सिद्धावस्था का ग्रन्थ है, और दूसरे ग्रन्थ—भगवद्‌गीता, उपनिषद् और ब्रह्मसूत्र—साधनावस्था के ग्रन्थ हैं; अर्थात् ये उन लोगों के लिए हैं जिनको अभी तक ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति नहीं हुई" । लाला बैंजनाथजी, जिन्होंने योगवासिष्ठ का हिन्दी अनुवाद कराया है, अपनी भूमिका में लिखते हैं, "वेदान्त में कोई ग्रन्थ ऐसा विस्तृत और अद्वैत सिद्धान्त को इतने आख्यानों और दृष्टान्तों और युक्तियों से ऐसे दृढ़ प्रतिपादन करने वाला आजतक नहीं लिखा गया" । स्वयं योगवासिष्ठ में भी कहीं कहींपर इस ग्रन्थ का माहात्म्य लिखा है; वह अक्षरशः सत्य प्रतीत होता है । यथा :—

इदं समस्तविज्ञानशास्त्रकोशं विदुर्बुधाः ।
यदिहास्ति तदन्यत्र यन्नेहास्ति न तत्क्वचित् ॥ १ ॥
अस्मिन्श्रुते मते ज्ञाते तपोध्यानजपादिकम् ।
मोक्षप्राप्तौ नरस्येह न किञ्चिदुपयुज्यते ॥ २ ॥
ग्रन्थेनानेन लोकोऽयमस्मात्संसारसंकटात् ।
समुत्तरिष्यति क्षिप्रं पोतेनैवाशु सागरात ॥ ३ ॥
स्वयमेव यथा पीते नीरोगत्वं वरौषधे ।
जीवन्मुक्तत्वमस्मिंस्तु श्रुते समनुभूयते ॥ ४ ॥

अर्थात विद्वान् लोग इस ग्रन्थ को समस्त अध्यात्म शास्त्रों का कोष

समझते हैं। जो बातें इसमें हैं वेही और ग्रन्थों में हैं और जो इसमें नहीं हैं वे कहीं भी नहीं मिलतीं ॥ १ ॥ इस ग्रन्थ को सुनने, विचारने और समझने पर मोक्ष प्राप्ति के लिये और किसी साधन, तप, ध्यान, जप आदि की आवश्यकता नहीं रहती ॥ २ ॥ इस ग्रन्थ के द्वारा मनुष्य इस प्रकार आसानी से संसार के दुःखों से पार हो जाता है जैसे कि जहाज द्वारा समुद्र से ॥ ३ ॥ जिस प्रकार उत्तम औषधि के सेवन करने से मनुष्य निरोगी हो जाता है, वैसे ही इस ग्रन्थ के अध्ययन करने से मनुष्य जीवन्मुक्त हो जाता है।

यह ग्रन्थ कब लिखा गया होगा इस विषय में बहुत ही मतभेद है। एक ओर तो पुराना यह मत है कि यह ग्रन्थ आदि कविश्रीवाल्मीकिजी का रचा हुआ है। दूसरी ओर आधुनिक विद्वान् चौदहवीं—तेरहवीं (Farquhar: *Religious Literature of India, p. 228*), बारहवीं—दसवीं (Shiva Prasad Bhattacharya : a paper on the probable date of *Yogavasiṣṭha* in the *Proceedings of the third Oriental Conference* Madras, p. 554) या नवीं शताब्दी (ईस्वी) (Winternitz : *Geschicte der indischen Litteratur*, vol. III p. 443 note) में इसका रचना-काल बताते हैं। लेखक ने अपनी अंग्रेज़ी पुस्तकों (*Philosophy of Yogavasiṣṭha* और *Yogavasiṣṭha and its Philosophy*) में इन सब मतों पर विचार करके इनका खण्डन किया है, और यह सिद्ध किया है कि योगवासिष्ठ अवश्य ही शङ्कर, गौड़पाद और भर्तृहरि के समय से पहिले लिखा गया होगा। इन लेखकों पर योगवासिष्ठ के सिद्धान्तों का बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा है, और इनके ग्रन्थों (विवेक चूड़ामणि, स्वात्म-निरूपण, आत्मबोध, शतश्लोकी, अपरोक्षानुभूति; माण्डूक्यकारिका; वैराग्यशतक और वाक्यपदीय) में योगवासिष्ठ के श्लोक तथा उनकी छाया पाई जाती है। लेखक का यह मत है कि योगवासिष्ठ अवश्य ही भर्तृहरि (जो कि ६५० क्रिश्चियन सम्वत् में मरे) के समय से पहले लिखा गया होगा। इस ग्रन्थ में योगाचार और माध्यमिक बौद्धमत के सिद्धान्तों का

समावेश और समन्वय है। इसलिये इसको हम इन मतों के प्रचार से पहिले लिखा हुआ कभी नहीं मान सकते। कालीदास के मेघदूत की छाया भी एक स्थान पर (६।२।११६।२-३) इस ग्रन्थ में पाई जाती है। पहिले प्रकरण के पहिले सर्ग के पढ़ने से भी यह ज्ञात होता है कि श्रीवाल्मीकि के लिखे हुए ग्रन्थ की कई आवृत्तियाँ हो चुकी होंगी। महाभारत अनुशासन पर्व (२।५-६) से यह भी ज्ञात होता है कि अवश्य ही कोई ऐसा ग्रन्थ था जिस में वसिष्ठजी के मतों का उल्लेख रहा होगा। इन सब विचारों से ऐसा ज्ञात होता है कि श्रीवाल्मीकिजी का लिखा हुआ कोई ग्रन्थ था जिसका पुनरुद्धार अथवा पुनर्लेखन कविकालिदास के समय के पीछे और भर्तृहरि के समय के पहिले हुआ।

चाहे जब लिखा गया हो, इसमें किञ्चित्-मात्र भी संदेह नहीं है कि इस ग्रन्थ का प्रभाव वेदान्त-सिद्धान्त प्रतिपादन करने वाले लेखकों पर बहुत ही पड़ा। ऊपर लिखे ग्रन्थों के सिवाय योगवासिष्ठ का प्रभाव सुरेश्वराचार्य के मानसोल्लास, विद्यारण्य स्वामी के जीवन्मुक्तिविवेक और पञ्चदशी, नारायण भट्ट के भक्तिसागर, प्रकाशात्मा के वेदान्तसिद्धान्तमुक्तावली, हठयोगप्रदीपिका और रामगीता आदि ग्रन्थो में श्रीयोगवासिष्ठ के सिद्धान्त और अक्षरशः श्लोक पाये जाते हैं।

केवल यह ही नहीं, बहुत गहरी खोज करने पर लेखक को यह मालूम हुआ है कि १०८ उपनिषदों में से बहुत से उपनिषद ऐसे हैं जो कि सब के सब अथवा जिनके कुछ भाग (प्रधान भाग) योगवासिष्ठ के चुने हुए श्लोकों से ही बने हैं, अथवा जिनमें कहीं २ पर योगवासिष्ठ के श्लोक पाये जाते हैं। ऐसा मालूम पड़ता है कि पुरातन समय में हस्तलिखित पुस्तकें होने से बड़ा ग्रन्थ योगवासिष्ठ आसानी से न मिलने के कारण लोगों ने इनमें से अपनी अपनी रुचि के अनुसार श्लोकों को छाँट कर उनका नाम उपनिषद् रख लिया था। लेखक के मतानुसार निम्नलिखित उपनिषदों में योगवासिष्ठ के श्लोक पाये जाते हैं (देखिये B. L. Atreya; *Yogavāsistha and*

Some of the Minor Upaniṣads published in *The Saraswati Bhavana Studies* edited by Principal Gopinath Kaviraj) :—

१. महा उपनिषद्—पहिला अध्याय छोड़कर सारा उपनिषद् योगवासिष्ठ के श्लोकों (क़रीब ५१० श्लोक) से बना है।

२. अन्नपूर्णा उपनिषद्—आरम्भ के कुछ (१७) श्लोक छोड़कर सारा उपनिषद् (३३७ श्लोक) योगवासिष्ठ के श्लोकों से ही बना है।

३. अक्षि उपनिषद्—सम्पूर्ण।

४. मुक्तिकोपनिषद्—दूसरा अध्याय जो कि मुख्य अध्याय है।

५. बाराह उपनिषद्—चौथा अध्याय।

६. वृहत्सन्यासोपनिषद्—५० श्लोक।

७. शाण्डिल्य उपनिषद्—१८ श्लोक।

८. याज्ञवल्क्य उपनिषद्—१० श्लोक।

९. योगकुण्डली उपनिषद्—३ श्लोक।

१०. पैङ्गल उपनिषत्—१ श्लोक।

इनके अतिरिक्त दूसरे कुछ ऐसे उपनिषद् भी है जिनमें योगवासिष्ठ के श्लोक तो अक्षरशः नहीं पाये जाते लेकिन योगवासिष्ठ के सिद्धान्त अवश्य ही मिलते हैं। वे ये है:—

१. जाबाल उपनिषद्—समाधि खण्ड।

२. योगशिखोपनिषद्—१।३४-३७, १५९, ६०; ४ (समस्त), ६।५८, ५९–६४।

३. तेजोविन्दु उपनिषद्—ससस्त।

४. त्रिपुरातपिनी उपनिषद्—उपनिषत् ५, श्लोक १-१९।

५. सौभाग्यलक्ष्मी उपनिषद्—द्वितीय खण्ड श्लोक १२-१६।

६. मैत्रायण्युपनिषद्—प्रपाठक ४, श्लोक १–११

७. अमृतविन्दु उपनिषद्—श्लोक १-५।

योगवासिष्ठ इतना महत्वपूर्ण ग्रन्थ होते हुये भी आधुनिक विद्वानों का इसकी ओर कम ध्यान गया है। डा० दास गुप्त के **भारतीय दर्शन के इतिहास** के प्रथम भाग में जहाँ कि योगवासिष्ठ का बहुत बड़ा स्थान होना चाहिये था योगवासिष्ठ का नाम भी नहीं आया (अभी थोड़े दिन हुए प्रकाशित उसके दूसरे भाग में योगवासिष्ठ दर्शन पर एक पाठ आ गया है) प्रो० राधाकृष्णन के **भारतीय दर्शन** में भी योगवासिष्ठ पर कुछ नहीं लिखा

गया। प्रो० अभ्यङ्कर ने अपने संपादित सर्वदर्शन संग्रह के अन्त में दी हुई दर्शन ग्रन्थों की नामावली में भी योगवासिष्ठ का नाम नहीं दिया।

इस अवज्ञा का कारण यह जान पड़ता है कि योगवासिष्ठ की शैली वैसी नहीं है जैसी कि प्रायः दर्शन ग्रन्थों की हुआ करती है। दर्शनग्रन्थ प्रायः क्लिष्ट, सूत्ररूप, न्याययुक्त भाषा में होते हैं। योगवासिष्ठ दूसरे ही ढंग का ग्रन्थ है। इसमें दर्शन, साहित्य और उपाख्यान का ऐसा सुन्दर और आनन्ददायक मिश्रण है कि इसके अध्ययन करते करते ही मनुष्य "सत्यं शिवं सुन्दरम्" का अनुभव करने लगता है। यह ग्रन्थ इतना अद्भुत है कि इसमें जटिल से जटिल दार्शनिक सिद्धान्त और युक्तियां काव्य और कहानियों के रूप में रख दी गई हैं। इस ग्रन्थ में किसी का खण्डन नहीं है। सब मतों का उच्चकोटि का समन्वय है, और सरल भाषा में ऊँचे से ऊँचे विचार प्रकट किये गये हैं। ग्रन्थकार स्वयं ही कहता है:—

शास्त्रं सुबोधमेवेदं सालङ्कारविभूषितम्।
काव्यं रसमयं चारुदृष्टान्तैः प्रतिपादितम्॥

अर्थात् यह शास्त्र (योगवासिष्ठ) आसानी से समझ में आजाने वाला, अनेक अलङ्कारों से विभूषित, रसमय काव्य है। यह मनोहर दृष्टान्तों द्वारा तत्वज्ञान का प्रतिपादन करता है॥

इसमें जरा भी संदेह नहीं है कि यह ग्रन्थ ऐसा ही है। साहित्य अथवा उपाख्यानों की दृष्टि से भी यह ग्रन्थ संस्कृत साहित्य में उच्च कोटि में रखने योग्य है। यही कारण है कि यह बहुत विस्तृत हो गया। ग्रन्थकार का कहना है कि इसमें ३२००० श्लोक हैं। अब तो इसमें (निर्णयसागर प्रेस से छपा हुआ) प्रायः २७६८७ श्लोक ही मिलते हैं। आजकल के समय में लोगों को इतना अवकाश नहीं मिलता कि इतना बड़ा ग्रन्थ अध्ययन कर सकें। पुराने समय में भी, जब कि ग्रन्थों को हाथ से लिखना पड़ता था, यह आवश्यकता पड़ी थी कि इसको संक्षिप्त किया जाए। सबसे पहिला संक्षेप नवीं शताब्दी में कश्मीरी पण्डित अभिनन्द गौड़ ने किया, और उस का नाम उन्होंने लघुयोगवासिष्ठ रखा। इसमें ४८२९ श्लोक हैं। लेकिन

उनके कथनानुसार ६००० श्लोक थे। योगवासिष्ठ का दूसरा संक्षप महा-उपनिषद् है। इसमें ५३५ श्लोक हैं। इसका तीसरा संक्षेप अन्नपूर्णा उपनिषद है जिसमें ३३७ श्लोक हैं। एक और संक्षेप हमारे देखने में आया है जिस का नाम योगवासिष्ठसार है। इसमें २२५ श्लोक हैं। इन सब संक्षेपों में यह बड़ी भारी कमी है कि किसी एक में भी योगवासिष्ठ के सारे सिद्धान्त नहीं आते, और न वे क्रमबद्ध तरीके में ही रक्खे हुये हैं। योगवासिष्ठ का कई वर्षों तक अध्ययन करने पर लेखक ने यह उचित समझा कि आजकल की रुचि के अनुसार योगवासिष्ठ का एक क्रमवद्ध और सर्वसिद्धान्तमय संक्षेप किया जाए। इस इच्छा से प्रेरित होकर लेखक ने एक संक्षेप-वासिष्ठ-दर्शन नामक—२५०० श्लोकों में किया—वह प्रयाग से छपा है (Prince of Wales Saraswati Bhavana Texts, edited by Principal Gopinath Kaviraj, M.A.) यह योगवासिष्ठसार जो हिन्दी तथा अंग्रेजी सहित पाठकों की भेंट है, उसी ग्रन्थ का १६७ श्लोकों में सार है। कहां तक इसमें लेखक को सफलता हुई है इसका निर्णय विद्वानों के हाथ में है।

भा० ला० आत्रेय।

अथ श्रीवासिष्ठदर्शनसारः

संसारनिःसारता :—

आयुरत्यन्तचपलं मृत्युरेकान्तनिष्ठुरः
तारुण्यं चातितरलं बाल्यं जडतया हृतम् ॥ १ ॥ (१-२६-६)
कालकलङ्कितो लोको बन्धवो भवबन्धनम् ।
भोगा भवमहारोगास्तृष्णाश्चे मृगतृष्णिकाः ॥ २ ॥ (१-२६-१०)
शत्रवश्चेन्द्रियाण्येव सत्यं यातमसत्यताम् ।
प्रहरत्यात्मनैवात्मा मनसैव मनो रिपुः ॥ ३ ॥ (१-२६-११)
आगमापायिनो भावा भावना भवबन्धनी ।
नीयते केवलं क्वापि नित्यं भूतपरम्परा ॥ ४ ॥ (१-२६-२२)
सर्व एव नरा मोहाद्दुराशापाशपाशिनः ।
दोषगुल्मकसारङ्गा विशीर्णा जन्मजङ्गले ॥ ५॥ (१-२६-४१)
कास्ता दृशो यासु न सन्ति दोषाः
कास्ता दिशो यासु न दुःखदाहः ।
कास्ताः प्रजा यासु न नाम भङ्गुरत्वं
कास्ताः क्रिया यासु न नाम माया ? ॥ ६ ॥ १-२७-३१)

जिज्ञासा :—

अतोऽतुच्छ मनायासमनुपाधि गतभ्रमम् ।
किं तत्स्थितिपदं साधो यत्र शोको न विद्यते ॥ ७ ॥ (१-३०-११)
क उपायो गतिः का वा चिन्ता कः समाश्रयः ।
येनेयमशुभोदर्का न भवेज्जीविताटवी ॥ ८ ॥ (१-३१-६)

अज्ञस्यैव दुःखभाजनत्वम् :—

इयं संसारसरणिर्वहत्यज्ञप्रमादतः

अज्ञस्योग्राणि दुःखानि सुखान्यापि दृढानि च ॥ ९ ॥ (६।१-६-३३)

ज्ञानमेव दुःखानिवृत्त्युपाय :—

प्राज्ञं विज्ञातविज्ञेयं सम्यन्द्गर्शनमाधयः ।
न दहन्ति वनं वर्षासिक्तमग्निशिखा इव ॥ १० ॥ (२-११-४१)

पौरुषमहिमा :—

अत्रैकं पौरुषं यत्नं वर्जयित्वेतरा गतिः ।
सर्वदुःखक्षयप्राप्तौ न काचिदुपपद्यते ॥ ११ ॥ (३-६-१४)
यो यमर्थं प्रार्थयते तदर्थं चेहते क्रमात् ।
अवश्यं स तमान्पोति न चेदर्धान्निवर्तते ॥ १२ ॥ (२-४-१२)
यो यो यथा प्रयतते स स तत्तत्फलैकभाक् ।
न तु तूष्णीं स्थितेनेह् केनचित्प्राप्यते फलम् ॥ १३ ॥ (२-७-१९)
ये समुद्योगमत्सर्ज्य स्थिता दैवपरायणाः ।
ते धर्ममर्थं कामञ्च नाशयन्त्यात्मविद्विषः ॥ १४ ॥ (२-७-३)
दैवं न किञ्चित्कुरुते केवलं कल्पनेदृशी । (२-९-३)
मूढ़ैः प्रकल्पितं दैवं तत्परास्ते क्षयं गताः ॥ १५ ॥ (२-८-१६)
सिद्धस्य पौरुषेणेह फलस्य फलशालिना ।
शुभाशुभार्थसम्पत्तिर्दैवशब्देन कथ्यते ॥ १६ ॥ (२-९-४)
प्राक्स्वकर्मेतराकारं दैवं नाम न विद्यते । (२-६-४)
प्राक्तनं पौरुषं तद्वै दैवशब्देन कथ्यते ॥ १७ ॥ (२-६-३५)
द्वौ हुडाविव युध्येते पुरुषार्थौ परस्परम् ।
य एव बलवांस्तत्र स एव जयति क्षणात् ॥ १८ ॥ (२-६-१०)

आलस्यनिन्दा :—

आलस्यं यदि न भवेज्जगत्यनर्थः
का न स्याद्वहुधनको वहुश्रुतो वा ।
आलस्यादियमवनिः ससागरान्ता
सम्पूर्णा नरपशुभिश्च निर्धनैश्च ॥ १९ ॥ (२-५-३०)
आयुषः क्षण एकोऽपि सर्वरत्नैर्न लभ्यते ॥
नीयते तद्वथा येन प्रमादः सुमहानहो ॥ नि० उ० ॥ (६/२-१७५-७८)

मुमुक्षुगुणाः :—

सन्तोषः साधुसङ्गश्च विचारोऽथ शमस्तथा।
एत एव भवाम्भोधावुपायास्तरणे नृणाम् ॥ २१ ॥ (२-१६-१८)

अनुभूतिरेव प्रमाणम् :—

सर्वप्रमाणसत्तानां पदमब्धिरपामिव।
प्रमाणमेकमेवेह प्रत्यक्षं तदतः शृणु ॥ २२ ॥ (२-१९-१६)
नात्मास्त्यनुमया राम न चाप्तवचनादिना।
सर्वथा सर्वथा सर्वं स प्रत्यक्षोऽनुभूतितः ॥ २३ ॥ (५-७३-१५)

अद्वैतं सम्बन्धात् :—

न संभवति सम्बन्धो विषमाणां निरन्तरः
न परस्परसम्बन्धाद्विनानुभवनं मिथः ॥ २४ ॥ (३-१२१-३७)

दृश्यस्य बोधरूपत्वम् :—

द्रष्टृदृश्ये न यद्येकमभविष्यच्चिदात्मके।
तद्दृश्यास्वादमज्ञः स्यान्नादृष्ट्वेक्षुमिवोपलः ॥ २५ ॥ (६/२-३८-८)

पदार्थजातस्य संकल्पमयत्म् :—

मनोमनननिर्माणमात्रमेतज्जगत्त्रयम्। (४-११-२३)
सर्वं संकल्परूपेण चिच्चमत्कुरुते चिति ॥ २६ ॥ (६/१-४२-१६)

जाग्रत्स्वप्नयोरभेदः :—

जाग्रत्स्वप्नदशाभेदो न स्थिरास्थिरते विना।
समः सदैव सर्वत्र समस्तोऽनुभवोऽनयोः ॥ २७ ॥ (४-१९-११)
स्वप्नोऽपि स्वप्नसमये स्थैर्याज्जाग्रत्वमृच्छति।
अस्थैर्याज्जाग्रदेवास्ते स्वप्नस्तादृशबोधतः ॥ २८ ॥ (४-१९-१२)

जीवं जीवं प्रति विश्स्वप्नः :—

पृथक्प्रत्येकमुदितः प्रतिचित्तं जगद्भ्रमः। (३-४०-२९)
न किञ्चिदपि जानाति निजसंवेदनादृते ॥ २९ ॥ (३-५५-६१)

सर्गादौ प्रजापतिकृतं जगत् :—

संकल्पयति यन्नाम प्रथमोऽसौ प्रजापतिः ।
तत्तदेवाशु भवति तस्येदं कल्पनं जगत् ॥ ३० ॥ (६/२-१८६-६५)

बाह्यार्थवादविज्ञानवादयोरैक्यम् :—

यादृगेव विराडात्मन्येष विस्तार आगतः ।
तादृगेवेह सर्वस्मिन्नणुमात्रेऽपि भूतके ॥ ३१ ॥ (६/२-२०-७)
प्रथमोऽसौ प्रतिस्पन्दः पदार्थानां हि बिम्बकम् ।
प्रतिबिम्बितमेतस्माद्यत्तदद्यापि संस्थितम् ॥ ३२ ॥ (३-५५-४८)
महाचित्प्रतिभासत्वान्महानियतिनिश्चियात् ।
अन्योन्यमेव पश्यन्ति मिथः संप्रतिबिम्बितात् ॥ ३३ ॥ (३-५३-२५)

संकल्पितस्यापि संकल्पयितृत्वम् :—

यो यो नाम यथा ग्रीष्मे कल्पस्वेदाद्भवेत्क्रमिः ।
यद्यद्दृश्यं शुद्धचित्स्थं तज्जीवो भवति स्वतः ॥ ३४ ॥ (४-१६-३)

सर्गे सर्गे सर्गान्तराणि :—

सर्गे सर्गे पृथग्रूपं सन्ति सर्गान्तराण्यपि । (४-१८-१६)
तेष्वप्यन्तस्थसर्गौघाः कदलीदलपीठवत् ॥ ३५ ॥ (४-१८-१७)

परस्परमदृष्टानि सर्गजालानि :—

प्रत्येकमन्तरन्यानि तथैवाभ्युदितानि च ।
परस्परमदृष्टानि बहूनि विविधानि च ॥ ३६ ॥ (६/२, ६३-१२)

सर्वस्य सर्वत्र सर्वदा संभवः :—

सर्वत्र सर्वथा सर्वं सर्वदा सर्वरूपिणि । (६/२-१५६-४१)
सर्वं सर्वात्म सर्वत्र सर्वदास्ति तथा परे ॥ ३७ ॥ (६/२-१३-२८)

अनन्तानि जगन्ति :—

अनन्तानि जगन्त्यस्मिन्ब्रह्मतत्त्वमहाम्बरे ।
अम्भोविवीचिजलवन्निमज्जन्त्युद्भवन्ति च ॥ ३८ ॥ (४-४७-१४)

सृष्टिप्रलययोः पौनःपुन्यम् :—

जीवौघाश्चोद्भविष्यन्ति मधाविव नवाङ्कुराः ।
तत्रैव लयमेष्यन्ति ग्रीष्मे मधुरसा इव ।। ३९ ।। (३-९५-१०)

आकाशत्रयम् :—

चित्ताकाशं चिदाकाशमाकाशं च तृतीयकम् ।
द्वाभ्यां शून्यतरं विद्धि चिदाकाशं वरानने ।। ४० ।। (३-१७-१०)

मनोरूपम् :—

अनन्तस्यात्मतत्त्वस्य सर्वशक्तेर्महात्मनः ।
संकल्पशक्तिरचितं यद्रूपं तन्मनो विदुः ।। ४१ ।। (३-९६-३)

मनोब्रह्मणोर्भेदः :—

चेत्येन रहिता यैषा चित्तद्ब्रह्म सनातनम् ।
चेत्येन सहिता यैषा चित्सेयं कलनोच्यते ।। ४२ ।। (५-१३-५३)

मनसो रूपाणि नामानि च :—

यथा गच्छति शैलूषो रूपाण्यलं तथैव हि ।
मनो नामान्यनेकानि धत्ते कर्मान्तरं व्रजत् ।। ४३ ।। (३-९६-४३)
विचित्रकार्यवशतो नामभेदन कर्तृता ।
मनः सम्प्रोच्यते जीववासनाकर्मनामभिः ।। ४४ ।। (३-९६-५६)

स्वसंकल्पकृतं जीवानां वेष्टनम् :—

स्ववासनादशावेशादाशाविवशतां गताः ।
दशास्वतिविचित्रासु स्वयं निगडिताशयाः ।। ४५ ।। (४-४३-३)

जीवानामसंख्येयत्वम् :—

एवं जीवाश्चितो भावा भवभावनयोहिताः ।
ब्रह्मणः कल्पिताकाराल्लक्षशोऽप्यथ कोटिशः ।। ४६ ।। (४-४३-१)
असंख्याताः पुरा जाता जायन्ते चापि वाद्य भोः ।
उत्पतिष्यन्ति चैवाम्बुकणौघा इव निर्झरात् ।। ४७ ।। (४-४३-२)

मनसो महत्वम् :—

जीवः संकल्पमात्रात्मा यत्संकल्पोऽवतिष्ठते ।
हृदि भूत्वा स एवाशु बहिः प्रसरित स्फुटम् ॥ ४८ ॥ (६/२-२२-३७)
सर्वं संपादयत्याशु स्वयं जीवः स्वमीहितम् । (३-४५-१२)
प्रत्येकमस्ति चिच्छक्तिर्जीवशक्तिस्वरूपिणी ॥ ४९ ॥ (३-४५-१३)
येन येन यथा यद्यद्यदा संवेद्यतेऽनघ ।
तेन तेन तथा तत्तत्तदा समनुभूयते ॥ ५० ॥ (३-६०-१६)
मनो निर्मलसत्त्वात्म यद्भावयति यादृशम् ।
तत्तथाशु भवत्येव यथावर्तो भवेत्पयः ॥ ५१ ॥ (४-१७-४)
दृढाभ्यासाभिधानेन यत्ननाम्ना स्वकर्मणा ।
निजवेदनजेनैव सिद्धिर्भवति नान्यथा ॥ ५२ ॥ (६/२-६७-४४)
मनःप्रमादाद्वर्धन्ते दुःखानि गिरकूटवत् ।
तद्वशादेव नश्यन्ति सूर्यस्याग्रे हिमं यथा ॥ ५३ ॥ (३-९९-४३)
मनसेदं शरीरं हि वासनार्थं प्रकल्पितम् ।
कृमिकोशप्रकारेण स्वात्मकोश इव स्वयम् ॥ ५४ ॥ (४-४५-७)
अन्तःशीतलतायां तु लब्धायां शीतलं जगत् । (५-५६-३३)
अन्तस्तृष्णोपतप्तानां दावादाहमयं जगत् ॥ ५५ ॥ (५-५६-३४)
पूर्णे मनसि सम्पूर्णं जगत्सर्वं सुधाद्रवैः ।
उपानद्गूढपादस्य ननु चर्मास्तृतैव भूः ॥ ५६ ॥ (५-२१-१४)
अस्य संसाररूपस्य मायाचक्रस्य राघव ।
चित्तं विद्धि महानाभिं भ्रमतो भ्रमदायिनः ॥ ५७ ॥ (५-५०-६)
तस्मिन्द्रुतमवष्टब्धे धिया पुरुषयत्नतः ।
ग्रहीतनाभि वहनान्मायाचक्रं निरुध्यते ॥ ५८ ॥ (५-५०-७)

कोऽहम् :—

कुसुमेष्वहमामोदः पुष्पत्रेपष्वहं छविः ।
छविष्वहं रूपकला रूपेष्वनुभवोऽप्यहम् ॥ ५९ ॥ (५-३४-५२)

अपारपर्यन्तनभो दिक्कालादिक्रियान्वितम् ।
अहमेवेति सर्वत्र यः पश्यति स पश्यति ॥ ६० ॥ (४-२२-२५)
यन्नाम किञ्चित्त्रैलोक्यं स एवावयवो मम ।
तरङ्गोऽब्धाविवेत्यन्तर्यः पश्यति स पश्यति ॥ ६१ ॥ (४-२२-३३)

मृतिः :—

मृतो नष्ट इति प्रोक्तो मन्ये तच्च मृषा ह्यसत् । (५-७१-६४)
स देशकालान्तरितो भूत्वा भूत्वानुभूयते ॥ ६२ ॥ (५-७१-६५)
अनुभूय क्षणं जीवो मिथ्यामरणमूर्च्छनम् ।
विस्मृत्य प्राक्तनं भावमन्यं पश्यति सुव्रते ॥ ६३ ॥ (३-२०-३१)
यत्रैव म्रियते जन्तुः पश्यत्याशु तदैवसः ।
तत्रैव भुवनाभोगमिममित्थमिव स्थितम् ॥ ६४ ॥ (३-४०-४५)
आशापाशशताबद्धा वासनाभावधारिणः ।
कायात्कायमुपायान्ति वृक्षाद्वृक्षमिवाण्डजाः ॥ ६५ ॥ (४-४३-२६)
तावद्भ्रमन्ति संसारे वारिण्यावर्तराशयः ।
यावन्मूढा न पश्यन्ति स्वात्मानमनिन्दितम् ॥ ६६ ॥ (४-४३-२८)
न जायते न म्रियते चेतनः पुरुषः क्वचित् ।
स्वप्नसंभ्रमवद्भ्रान्तमेतत्पश्यति केवलम् ॥ ६७ ॥ (३-५५-६७)
देशकालक्रियाद्रव्यशुद्ध्यशुद्धी स्वकर्मणाम् ।
न्यूनत्वे चाधिकत्वे च नृणां कारणमायुषः ॥ ६८ ॥ (३-५४-२९)

ब्रह्मा :—

सर्गादौ स्वप्नपुरुषन्यायेनादिप्रजापतिः ।
यथा स्फुटं प्रकचितस्तथाद्यापि स्थिता स्थितिः ॥ ६९ ॥ (३-५५-४७)
विरिञ्चो मनसो रूपं विरिञ्चस्य मनो वपुः । (३-३-३५)
मनस्तागमिव यातेन ब्रह्मणा तन्यते जगत् ॥ ७० ॥ (३-३-२९)
दिक्कालाद्यनवच्छिन्नमात्मत्वं स्वशक्तितः । (४-४४-१४)
लीलयैव तदादत्तो दिक्कालकलितं वपुः ॥ ७१ ॥ (४-४४-१५)

स्वयमन्यैवमस्मीति भावयित्वा स्वभावतः ।
अन्यतामिव संयाति स्वविकल्पात्मिकां स्वतः ॥ ७२ ॥ (३/१-३३-२१)
आतिवाहिक एवासौ देहोऽस्त्यस्य स्वयंभुवः ।
न त्वाधिभौतिको राम देहोऽजस्योपपद्यते ॥ ७३ ॥ (३-३-६)
मनो नाम्नो मनुष्यस्य विरिञ्च्याकारधारिणः ।
मनोराज्यं जगदिति सत्यरूपमिव स्थितम् ॥ ७४ ॥ (३-३-३३)

शक्तिः :—

समस्तशक्तिखचितं ब्रह्म सर्वेश्वरं सदा ।
यथैव शक्तया स्फुरति प्राप्तां तामेव पश्यति ॥ ७५ ॥ (३-६७-२)
स्पन्दशक्तिस्तदिच्छेदं दृश्याभासं तनोति सा ।
साकारस्य नरस्येच्छा यथा वै कल्पनापुरम् ॥ ७६ ॥ (६/२-८४-६)
सा राम प्रकृतिः प्रोक्ता शिवेच्छा पारमेश्वरी ।
जगन्मायेति विख्याता स्पन्दशक्तिरकृत्रिमा ॥ ७७ ॥ (६/२-८५-१४)
ऊर्णनाभाद्यथा तन्तुर्जायते चेतनाज्जडः ।
नित्याप्रबुद्धात्पुरुषाद्ब्रह्मणः प्रकृतिस्तथा ॥ ७८ ॥ (३-९६-७१)
यथैकं पवनस्पन्दमेकमौष्ण्यानलौ यथा ।
चिन्मात्रं स्पन्दशक्तिश्च तथैवेकात्म सर्वदा ॥ ७९ ॥ (६/२-८४-३)

परं ब्रह्म :—

यस्मिन्सर्वं यतः सर्वं यत्सर्वं सर्वतश्च यत् ।
सर्वं सर्वतया सर्वं तत्सर्वं सर्वदा स्थितम् ॥ ८० ॥ (६/२-१८४-४६)
अवाच्यमनभिव्यक्तमतीन्द्रियमनामकम् । (६/२-५२-२७)
स्वरूपं नोपदेशस्य विषयो विदुषो हि तत् ॥ ८१ ॥ (६/२-३१-३७)
प्रसरन्ति यतश्चित्राः संसारासारदृष्टयः ।
अक्षयामृतसम्पूर्णादम्भोदादिव वृष्टयः ॥ ८२ ॥ (३-५-१४)
दृष्टृदर्शनदृश्यानां त्रयाणामुदयो यतः ।
यत्र वास्तमयश्चित्त्वं तद्विद्धि विगतामयम् ॥ ८३ ॥ (६/२-१०६-११)

अत्यन्ताभाव एवास्ति संसारस्य यथास्थितेः ।
यस्मिन्बोधमहाम्भोधौ तद्रूपं परमात्मनः ।। ८४ ।। (३-७-२०)
अशून्यमिव यच्छून्यं यस्मिञ्छून्यं जगत्स्थितम् ।
सर्गौघे सति यच्छून्यं तद्रूपं परमात्मनः ।। ८५ ।। (३-७-२२)
न सन्नासन्न मध्यान्तं न सर्वं सर्वमेव च ।
मनोवचोभिरग्राह्यं शून्याच्छून्यं सुखात्सुखम् ।। ८६ ।। (३-११९-२३)

बृंहणम् :—

ब्रह्मबृंहैव हि जगज्जगच्च ब्रह्मबृंहणम् । (६/१-२-५१)
ब्रह्मैव तदनाद्यन्तमब्धिवत्प्रविजृम्भते ।। ८७ ।। (६/१-२-२७)
यः कणो या च कणिका या वीचिर्यस्तरङ्गकः ।
यः फेनो या च लहरी तद्यथा वारि वारिणि ।। ८८ ।। (६/१-११-४०)
यो देहो या च कलना यद्दृश्यं यौ क्षयाक्षयौ ।
या भावरचना योऽर्थस्तथा तद्ब्रह्म ब्रह्मणि ।। ८९ ।। (६/१-११-४१)
फलपुष्पलतापत्रशाखाविटपमूलवान् ।
वृक्षबीजे यथा वृक्षस्तथेदं ब्रह्मणि स्थितम् ।। ९० ।। (३-१००-११)
चिति तत्त्वेऽस्ति नानाता तदभिव्यञ्जनात्मनि ।
विचित्रपिच्छिकापुञ्जो मयूराण्डरसे यथा ।। ९१ ।। (६/१-४७-२९)
यथा पयसि वीचीनामुन्मज्जननिमज्जनैः ।
न जलान्यत्वमेवं हि भावाभावैः परे पदे ।। ९२ ।। (६/२-१९५-२७)

तादात्म्यम् :—

यथा कटकशब्दार्थः पृथक्त्वार्हो न काञ्चनात् ।
न हेम कटकात्तद्वज्जगच्छब्दार्थता परे ।। ९३ ।। (३-१-१७)
पाताले भूतले स्वर्गे तृणे प्राण्यम्बरेऽपि च ।
दृश्यते तत्परं ब्रह्म चिद्रूपं नान्यदस्ति हि ।। ९४ ।। (६/१-२-२८)

जगन्मिथ्यात्वम् :—

आदावन्ते च यन्नित्यं तत्सत्यं नाम नेतरत् । (५-५-९)
आदावन्ते च यन्नास्ति वर्तमानेऽपि तत्तथा ।। ९५ ।। (४-४५-४५)

मृगतृष्णाम्भिवासत्यं सत्यवत्प्रत्ययप्रदम् (४-१-७)
अनुभूतं मनोराज्यमिवासत्यमवास्तवम् ॥ ९६ ॥ (४-१-१२)
यावदज्ञानकलना यावदब्रह्मभावना ।
यावदास्था जगज्जाले तावच्चित्तादिकल्पना ॥ ९७ ॥ (६/१-२-३०)

परा दृष्टिः :—

जगच्छब्दस्य नामार्थो ननु नास्त्येव कश्चन । (३-४-६७)
वस्तुतस्तु जगन्नास्ति सर्वं ब्रह्मैव केवलम् ॥ ९८ ॥ (४-४०-३०)
सिद्धान्तोऽध्यात्मशास्त्राणां सर्वापह्नव एव हि ।
नाविद्यास्तीह नो माया शान्तं ब्रह्मेदमक्रमम् ॥ ९९ ॥ (६/१-१२५-१)
जगत्संविदि जातायामपि जातं न किञ्चन । (३-१३-४८)
परमाकाशमाशून्यमच्छमेव व्यवस्थितम् ॥ १०० ॥ (३-१३-४९)

आनन्दः :—

आनन्दायैव भूतानि यतन्ते यानि कानि चित् । (६/१-१०८-२०)
आपदः सम्पदः सर्वाः सुखं दुःखाय केवलम् ॥१०१॥ (६/२-९३-७३)
सर्वस्या एव पर्यन्ते सुखाशायाश्च संस्थितम् । (४-५-६)
मालिन्यं दुःखमप्येवं ज्वालाया इव कज्जलम् ॥१०२॥ (४-५९-७)
रम्ये धनेऽथ दारादौ हर्षस्यावसरो हि कः ।
वृद्धायां मृगतृष्णायां किमानन्दो जलार्थिनाम् ॥ १०३ ॥ (४-४६-३)
इच्छोदयो यथा दुःखमिच्छाशान्तिर्यथा सुखम् ।
तथा न नरके नापि ब्रह्मलोकेऽनुभूयते ॥ १०४ ॥ (६/२-३६-२४)
अपि राज्यादपि स्वर्गादपीन्दरोपि माधवात् ।
अपि कान्तासमासङ्गान्नैराश्यं परमं सुखम् ॥ १०५ ॥ (५-७४-४४)
यत्र नाभ्युदितं चित्तं तत्तत्सुखमकृत्रिमम् ।
न स्वर्गादौ सम्भवति मरौ हिमग्रहं यथा ॥ १०६ ॥ (६।१-४४-२६)
क्षणं वर्षसहस्त्रं वा तत्र लब्ध्वा स्थिर्ति मनः ।
रतिमेति न भोगौघे दृष्टस्वर्ग इवानवौ ॥ १०७ ॥ (५-५४-६९)

बन्धनमोक्षौ :—

वासनातन्तुबद्धा ये आशापाशवशीकृताः ।
वश्यतां यान्ति ते लोके रज्जुबद्धाः खगा इव ॥ १०८ ॥ (४-२७-१८)

अनन्तस्याप्रमेयस्य येनेयत्ता प्रकल्पिता ।
आत्मनस्तस्य तेनात्मा स्वात्मनैव वशीकृतः ॥ १०९ ॥ (४-२७-२३)

ब्रह्मणो व्यतिरिक्तत्वं ब्रह्मार्णवगता अपि ।
भावयन्तो विमुह्यन्ति भीमासु भवभूमिषु ॥ ११० ॥ (४-१२-३)

हेतुर्विहरणे तेषामात्मविस्मरणादृते ।
न कश्चिल्लक्ष्यते साधो जन्मान्तरफलप्रदः ॥ १११ ॥ (३-९५-१४)

अहमित्येव संकल्पो बन्धायातिविनाशिने ।
नाहमित्येव संकल्पो मोक्षाय विमलात्मने ॥ ११२ ॥ (६/१-९९-११)

अपरिज्ञात आत्मैव भ्रमतां समुपागतः ।
ज्ञात आत्मत्वमायाति सीमान्तः सर्वसंविदाम् ॥ ११३ ॥ (६/१-१०-४)

अज्ञानस्य महाग्रन्थेर्मिथ्यावेद्यात्मनोऽसतः ।
अहमित्यर्थरूपस्य भेदो मोक्ष इति स्मृतः ॥ ११४ ॥ (६/१-२०-१७)

मोक्षोपायः :—

ज्ञानयुक्तिप्लवेनैव संसाराब्धिं सुदुस्तरम् ।
महाधियः समुत्तीर्णा निमिषेण रघूद्वह ॥ ११५ ॥ (२-११-३६)

न तीर्थेन न दानेन न स्नानेन न विद्यया ।
न ध्यानेन न योगेन न तपोभिर्नचाध्वरैः ॥ ११६ ॥ (६/२-१७४-२४)

आत्मैव ह्यात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः ।
आत्मात्मना न चेत्त्रातस्तदुपायोऽस्ति नेतरः ॥ ११७ ॥ (६/२-१६२-१८)

यद्यदासाद्यते किञ्चित्केनचित्क्वचिदेव हि ।
स्वशक्तिसंप्रवृत्त्या तल्लभ्यते नान्यतः क्वचित् ॥ ११८ ॥ (५-४३-१३)

सर्वेषामुत्तमस्थानानां सर्वासां चिरसंपदाम् ।
स्वमनोनिग्रहो भूमिर्भूमिः शस्यश्रियामिव ॥ ११९ ॥ (५-४३-३५)

क्रियते माधवादीनां प्रणयप्रार्थना स्वयम् ।
तथैव क्रियते कस्मान्न स्वकस्यैव चेतसः ॥ १२० ॥ (५-४३-२५)
सर्वस्यैव जनस्यास्य विष्णुरभ्यन्तरे स्थितः ।
तं परित्यज्य ये यान्ति बहिर्विष्णुं नराधमाः ॥ १२१ ॥ (५-४३-२६)
गुरुश्चेदुद्धरत्यज्ञमात्मीयात्पौरुषादृते ।
उष्ट्रं दान्तं बलीवर्दं तत्कस्मान्नोद्धरत्यसौ ॥ १२२ ॥ (५-४३-१६)
मूलं स्वकर्मणः संविन्मनसो वासनात्मनः । (६/२-२-४३)
त्यागो हि कर्मणां तस्मादादेहं नोपपद्यते ॥ १२३ ॥ (६।२-२-४२)

ज्ञानसिद्धिः :—

व्याचष्टे यः पठति च शास्त्रं भोगाय शिल्पिवत् ।
यतते न त्वनुष्ठाने ज्ञानबन्धुः स उच्यते ॥ १२४ ॥ (६।२-२१-३)
जन्मान्तरशताभ्यस्ता राम संसारसंस्थितिः ।
सा चिराभ्यासयोगेन विना न क्षीयते क्वचित् ॥ १२५ ॥ (५-९२-३२)
एकतत्त्वघनाभ्यासः प्राणानां विलयस्तथा ।
मनोविनिग्रहश्चेति मोक्षशब्दार्थसंग्रहः ॥ १२६ ॥ (६।१-६९-२७)
त्रिष्वेतेषु प्रयोगेषु मनःप्रशमनं वरम् ।
साध्यं विद्धि तदेवाशु यथा भवति तच्छिवम् ॥ १२७ ॥ (६।१-६९-२९)
वैराग्यात्कारणाभ्यासाद्युक्तितो व्यसनक्षयात् ।
परमार्थविबोधाच्च रोध्यन्ते प्राणवायवः ॥ १२८ ॥ (५-१३-८५)
चित्तं नाभिः किलास्येह मायाचक्रस्य सर्वतः ।
स्थीयते चेत्तदाक्रम्य तन्न किञ्चित्प्रबाधते ॥ १२९ ॥ (५-४९-४०)
मन एव विचारेण मन्ये विलयमेष्यति ।
मनोविलयमात्रेण ततः श्रेयो भविष्यति ॥ १३० ॥ (३-९७-१०)
वासनैव महाराज स्वरूपं विद्धि चेतसः ।
चित्तशब्दस्तु पर्यायो वासनाया उदाहृतः ॥ १३१ ॥ (६।१-९४-५)

सप्त ज्ञानभूमयः :—

अवबोधं विदुर्ज्ञानं तदिदं सप्तभूमिकम् ।

मुक्तिस्तु ज्ञेयमित्युक्तं भूमिकासप्तकात्परम् ।। १३२ ।। (३-११८-३)
ज्ञानभूमि: शुभेच्छाख्या प्रथमा समुदाहृता ।
विचारणा द्वितीया तु तृतीया तनुमानसा ।। १३३ ।। (३-११८-५)
सत्त्वापत्तिश्चतुर्थी स्यात्ततोऽसंसक्तिनामिका ।
पदार्थभावनी षष्ठी सप्तमी तुर्यगा स्मृता ।। १३४ ।। (३-११८-६)

कर्मपाशोच्छेद: :—

न स शैलो न तद्व्योम न सोऽब्धिश्चन विष्टपम् ।
अस्ति यत्र फलं नास्ति कृतानामात्मकर्मणाम् ।। १३५ ।। (३-९५-३३)
कर्मबीजं मनस्पन्द: कथ्यतेऽथानुभूयते ।
क्रियास्तु विविधास्तस्य शाखाश्चित्रफलास्तरो: ।। १३६ ।। (३-९६-११)
अकारणमुपायान्ति सर्वे जीवा: परात्पदात् । (६/१-१२४-४)
पश्चात्तेषां स्वकर्माणि कारणं सुखदु:खयो: ।। १३७ ।। (६/१-१२४-५)
सर्वा हि वासनाभावे प्रयान्त्यफलतां क्रिया: ।
अशुभा: फलवन्त्योऽपि सेकाभावे लता इव ।। १३८ ।। (६।१-८७-१९)
समया स्वच्छया बुद्धया सततं निर्विकारया ।
यथा यत्क्रियते राम तददोषाय सर्वदा ।। १३९ ।। (६।२-१९९-७)

आत्मानुभव: :—

संसारवासनाजाले खगजाल इवाखुना ।
त्रोटिते हृदयग्रन्थौ श्लथे वैराग्यरंहसा ।। १४० ।। (४-२२-७)
कातकं फलमासाद्य यथा वारि प्रसीदति ।
तथा विज्ञानवशत: स्वभाव: संप्रसीदति ।। १४१ ।। (४-२२-८)

जीवन्मुक्तलक्षणानि :—

नालम्बते रसिकतां न च नीरसतां क्वचित् ।
नार्थेषु विचरत्यर्थी वीतराग: सरागवत् ।। १४२ ।। (६।२-१०२-१३)
मनोज्ञमधुराचारा: प्रियपेशलवादिन: । (६।२-९८-३)
विवेचितार: कार्याणां निर्णेतार: क्षणादपि ।। १४३ ।। (६।२-९८-४)

उपेक्षते न संप्राप्तं नाप्राप्तमभिवाञ्छति ।
सोम्यसौम्यो भवत्यन्तः शीतलः सर्ववृत्तिषु ॥ १४४ ॥ (६/२-४५-१०)
अनुद्वेगकराचारा बान्धवा नागरा इव ।
बहिः सर्वसमाचारा अन्तः सर्वार्थशीतलाः ॥ १४५ ॥ (६/२-६८-५)
वर्णधर्माश्रमाचारशास्त्रयन्त्रणयोज्झितः ।
निर्गच्छति जगज्जालात्पञ्जरादिव केसरी ॥ १४६ ॥ (६/१-१२२-२)
न बिभेति न वादत्ते वैवश्यं न च दीनताम् ।
समः स्वस्थमना मौनी धीरस्तिष्ठति शैलवत् ॥ १४७ ॥ (५-६३-५५)
अनुबन्धपरे जन्तावसंसक्तेन चेतसा ।
भक्ते भक्तसमाचारः शठे शठ इव स्थितः ॥ १४८ ॥ (५-७७-१३)
बालो बालेषु वृद्धेषु वृद्धो धीरेषु धैर्यवान् ।
युवा यौवनवृत्तेषु दुःखेष्वनुदुखितः ॥ १४९ ॥ (५-७७-१४)
अयत्नोपनतं सर्वं लीलयाऽसक्तमानसः ।
भुंक्ते भोगभरं प्राज्ञस्त्वालोकमिव लोचनम् ॥ १५० ॥ (५-७४-६३)
न त्यजन्ति न वाञ्छन्ति व्यवहारं जगद्गतम् ।
सर्वमेवानुवर्तन्ते पारावारविदो जनाः ॥ १५१ ॥ (४-४६-२६)
परिस्फुरति यस्यान्तर्नित्यं सत्त्वचमत्कृतिः । (४-३२-३८)
ब्राह्ममण्डमिवाखण्डं लोकेशाः पालयन्ति तम् ॥ १५२ ॥ (४-३२-३९)
बलं बुद्धिश्च तेजश्च दृष्टतत्त्वस्य वर्द्धते ।
सवसन्तस्य वृक्षस्य सौन्दर्याद्या गुणा इव ॥ १५३ ॥ (५-७६-२०)

कुलस्त्रीणां महत्त्वम् :—

मोहादनादिगहनादनन्तगहनादपि ।
पतितं व्यवसायिन्यस्तारयन्ति कुलस्त्रियः ॥ १५४ ॥ (६/१-१०९-२६)
शास्त्रार्थगुरुमन्त्रादि तथा नोत्तरणक्षमम् ।
यथैताः स्नेहशालिन्यो भर्तॄणां कुलयोषितः ॥ १५५ ॥ (६/१-१०९-२७)
सखा भ्राता सुहृद्भृत्यो गुरुर्मित्रं धनं सुखम् ।
शास्त्रमायतनं दासः सर्वं भर्तुः कुलाङ्गनाः ॥ १५६ ॥ (६।१-१०९-२८)

सर्वबन्धुत्वम् :—

अयं बन्धुरयं नेति गणना लघुचेतसाम् ।
उदारचरितानां तु विगतावरणैव धीः ।। १५७ ।। (५-१८-६१)

एकत्वे विद्यमानस्य सर्वगस्य किलात्मनः ।
अयं बन्धुः परश्चायमित्यसौ कलना कुतः ।। १५८ ।। (५-२०-४)

सर्वा एव हि ते भूतजातयो राम बन्धवः ।
अत्यन्तासंयुता एतास्तव राम न काश्चन ।। १५९ ।। (५-१८-४६)

सर्वधर्मैकता :—

सर्वैरेव च गन्तव्यं तैः पदं पारमार्थिकम् ।
विचित्रं देशकालोत्थैः पुरमेकमिवाध्वगैः ।। १६० ।। (३-९६-५१)

अज्ञानात्परमार्थस्य विपरीतावबोधतः ।
केवलं विवदन्त्येते विकल्पैरारुरुक्षवः ।। १६१ ।। (३-९६-५२)

स्वमार्गमभिशंसन्ति वादिनश्चित्रया दृशा ।
विचित्रदेशकालोत्था मार्गं स्वं पथिका इव ।। १६२ ।। (३-५६-५३)

युक्तियुक्तशास्त्रस्यैवोपादेयता :—

युक्तियुक्तमुपादेयं वचनं बालकादपि ।
अन्यत्तृणमिव त्याज्यमप्युक्तं पद्मजन्मना ।। १६३ ।। (२-१८-३)

योऽस्मत्तातस्य कूपोऽयमिति कौपं पिबत्यपः ।
त्यक्त्वा गाङ्गं पुरःस्थं तं को नाशास्त्यतिरागिणम् ।। १६४ ।। (२-१८-४)

अपि पौरुषमादेयं शास्त्रं चेद्युक्तिबोधकम् ।
अन्यत्वार्षमपि त्याज्यं भाव्यं न्याय्यैकसेविना ।। १६५ ।। (२-१८-२)

योगवासिष्ठमाहात्म्यम् :—

एतच्छास्त्रघनाभ्यासात्पौनःपुन्येन वीक्षणात् (२-१८-३६)
बोधस्यापि परं बोधं बुद्धिरेति न संशयः ।। १६६ ।। (३-८-१३)
परा नागरतोदेति महत्वगुणशालिनी । (२-१८-८)
जीवन्मुक्तत्वमस्मिंस्तु श्रुतेऽनुभूयते ।। १६७ ।। (३-८-१५)

इति श्रीवासिष्ठदर्शनसारः ।

श्री वासिष्ठदर्शनसार

संसार की निःसारता :—

आयु अत्यन्त चपल है, मृत्यु सर्वथा क्रूर है; युवा अवस्था अत्यन्त ही चञ्चल है; और बाल्यावस्था अज्ञान में ही नष्ट हो जाती है ।। १ ।। सब लोग काल से कलङ्कित हो रहे हैं। सब बन्धु-जन संसार की बेड़ियां हैं; जितने भोग हैं वे सब महारोग हैं; और तृष्णा केवल मृगतृष्णा है ।। २ ।। अपनी इन्द्रियां ही अपने शत्रु हैं। सत्य भी असत्यता को प्राप्त हो गया है; आत्मा ही आत्मा का हनन करता है और मन ही मन का दुश्मन हो रहा है ।। ३ ।। सारे भाव आने और जाने वाले अर्थात् उत्पन्न और नष्ट होने वाले हैं। विषयों की भावना ही संसार से सबको बाँधती है। न जाने ये सब प्राणी कहाँ ले जाये जा रहे हैं ।। ४ ।। सब मनुष्य मोह के वशीभूत हुए, दुःखदायी आशाओं की फांसी में बँधे हुए, और दोषरूपी झाड़ों में अटके हुए मृगों के समान, जीवन-रूपी जङ्गल में भटक रहे हैं ।। ५ ।। ऐसी कौन सी दृष्टि है जो निर्दोष हो ? ऐसी कौन सी दिशा है जिसमें दुःख की अग्नि से प्राणी न जल रहे हों ? ऐसी कौन सी उत्पन्न वस्तु है जो नश्वर न हो ? ऐसा कौन सा कार्य है जिसमें माया (धोखा) न हो ? ।।६ ।।

जिज्ञासा :—

इसलिए हे साधो ! आयास-रहित, उपाधि-रहित, भ्रम-रहित, वह कौन सी सत्य स्थिति है जिसमें शोक न हो ? ।। ७ ।। कौन सा ऐसा उपाय है, कौन सा ऐसा मार्ग है, कौन सा ऐसा विचार है, कौन सा ऐसा आश्रय है कि जिसके द्वारा यह जीवन-रूपी जङ्गल दुःखदायी न हो ? ।।८ ।।

अज्ञानी को ही दुःख होता है :—

यह संसाररूपी प्रवाह अज्ञानी की ही मूर्खता से चल रहा है। अज्ञानी को ही घोर दुःख-सुख होते हैं ।। ९ ।।

ज्ञान द्वारा ही दुःख से मुक्ति होती है :—

जिस प्रकार वर्षा से भीगे हुए बन को अग्नि की ज्वालाएँ नहीं जला सकतीं, उसी प्रकार मानसिक दुःख भी ज्ञानी को, जिसने जो कुछ जानने योग्य है जान लिया है और युक्त दृष्टि प्राप्त कर ली है, वेदना नहीं दे सकते ।। १० ।।

पुरुषार्थ-महिमा :—

यहां पर (संसार में) सब दुःखों का क्षय करने के लिए पुरुषार्थ (मनुष्य के यत्न) के अतिरिक्त दूसरा कोई मार्ग नहीं है ।। ११ ।। जो जिस पदार्थ के पाने की इच्छा करता है और उसको प्राप्त करने के लिए क्रमशः यत्न करता है, वह उसको अवश्य ही प्राप्त कर लेता है, यदि बीच में प्रयत्न को न छोड़ दे ।। १२ ।। यहाँ पर चुपचाप बैठे रहने से कुछ प्राप्त नहीं होता, जो जो जैसा जैसा यत्न करता है वैसा वैसा ही फल पाता है ।। १३ ।। जो उद्योग को छोड़कर भाग्य (तकदीर) के ऊपर भरोसा करते हैं वे अपने ही दुश्मन हैं और धर्म, अर्थ और काम सब को नष्ट कर देते हैं ।। १४ ।। दैव (भाग्य) कभी कुछ नहीं करता, यह केवल कल्पना मात्र है कि दैव ही सब कुछ करता है । दैव मूर्ख लोगों की कल्पना है; इस कल्पना के भरोसे रहकर वे नाश को प्राप्त होते हैं ।। १५ ।। फल देने वाले पुरुषार्थ द्वारा शुभाशुभ अर्थ प्राप्तिरूप फलसिद्धि का नाम ही दैव है ।। १६ ।। पूर्वकृत कर्म (पुरुषार्थ) के अतिरिक्त दैव और कोई वस्तु नहीं है; पूर्वकृत पुरुषार्थ ही का नाम दैव है ।। १७ ।। दोनों पुरुषार्थ (पूर्वकृत जिसका नाम दैव है और वर्तमान काल का पुरुषार्थ) दो मेढ़ों के समान एक दूसरे से लड़ते हैं, जो उनमें अधिक बल वाला होता है वही विजय पाता है ।। १८ ।।

आलस्य की निन्दा :—

यदि जगत में आलस्यरूपी अनर्थ न होता तो कोई न धनी और विद्वान् न होता। आलस्य के कारण ही यह समुद्र पर्यन्त पृथ्वी निर्धन और मूर्ख (मनुष्य के रूप में पशु) लोगों से भरी पड़ी है ।। १९ ।। आयु का एक क्षण भी कितने ही रत्नों को देकर नहीं मिल सकता । जो इसको वृथा खोते हैं वह महा अपराध करते हैं ।। २० ।।

मुमुक्षु के गुण :—

दम, सन्तोष, साधुसङ्ग और विचार ये चार संसारसमुद्र से मनुष्य के पार उतरने के उपाय हैं ।। २१ ।।

अनुभव ही प्रमाण है :—

जैसे समुद्र सब जलों का अन्तिम स्थान है वैसे ही सब प्रमाणों का आधार प्रमाण एक प्रत्यक्ष ही यहाँ पर माना गया है, उसका सुनो ।। २२ ।। आत्मा का ज्ञान न अनुमान से होता है और न आप्तवचन (शब्द) से। आत्मा का पूर्णतया और सर्व प्रकार से प्रत्यक्ष सदा स्वानुभूति द्वारा होता है ।। २३ ।।

सम्बन्ध से अद्वैत सिद्ध है :—

असमान वस्तुओं में कभी सम्बन्ध नहीं हो सकता और सम्बन्ध के बिना एक वस्तु को दूसरी वस्तु का ज्ञान नहीं हो सकता ।। २४ ।।

दृश्य पदार्थ बोध-रूप ही हैं .—

यदि द्रष्टा और दृश्य चित्स्वरूप में एक न हों तो जिस प्रकार पत्थर गन्ने के मिठास से अनभिज्ञ रहता है, उसी प्रकार द्रष्टा को भी दृश्य का ज्ञान नहीं हो सकता ।। २५ ।।

संसार के सब पदार्थ कल्पनामय हैं :—

मनन (मन के कार्य) के अतिरिक्त संसार कुछ नहीं है । तीनों जगत मन के मनन से ही निर्मित हैं । चित्त अपने भीतर इस सारे संसार को संकल्प के रूप में रचता है ।। २६ ।।

जाग्रत् और स्वप्न का अभेद :—

जाग्रत और स्वप्न में इसके सिवाय कि एक स्थिर अनुभव का नाम है और दूसरा अस्थिर का, और कोई भेद नहीं है। सदा और सर्वत्र दोनों दशाओं का अनुभव समान है ।। २७ ।। स्वप्न के समय स्वप्न भी स्थिर रहने के कारण जाग्रत ही प्रतीत होता है । जाग्रत भी अस्थिर रूप से जाने जाने पर स्वप्न ही प्रतीत होने लगता है ।। २८ ।।

प्रत्येक जीव में विश्व का स्वप्न होता है:—

प्रत्येक जीव को पृथक् पृथक् जगद्भ्रम होता है, और जिसको जो अनुभव होता है वह उसके अतिरिक्त और कुछ नहीं जानता ।। २९ ।।

सृष्टि के आरम्भ में ब्रह्मा ने इस जगत को रचा :—

यह सबसे प्रथम उत्पन्न हुआ ब्रह्मा (प्रजापति) जैसा जैसा संकल्प करता है वैसी वैसी ही सृष्टि होती चली जाती है ।। ३० ।।

वाह्यार्थवाद और विज्ञानवाद की एकता :—

जैसा यह विस्तृत जगत् विराट् आत्मा (ब्रह्मा) में है वैसा ही अणु-मात्र में भी है ।। ३१ ।। सबसे पहला स्पन्दन पदार्थों का बिम्ब है और अभी तक उसी प्रकार मौजूद है । हमारा अपना जगत् इसी का प्रतिबिम्ब है ।। ३२ ।। महाचिति के आभास होने के कारण, महानियति द्वारा नियंत्रित होने के कारण, एक दूसरे में प्रतिबिम्बित होने से सब प्राणी एक दूसरे को देखते हैं ।। ३३ ।।

संकल्पित पदार्थ में भी संकल्प करने की शक्ति होती है :—

प्रत्येक दृश्य-पदार्थ स्वयं इस प्रकार जीव हो जाता है जैसे गर्मी की मौसम में प्राणियों के शरीर के मैल और पसीने से उत्पन्न हुई वस्तुएँ स्वयं प्राणी बन जाती हैं ।। ३४ ।।

सृष्टि के भीतर अनन्त सृष्टियों की परम्परा :—

प्रत्येक सृष्टि के भीतर नाना प्रकार की अनेक दूसरी सृष्टियाँ हैं; उनके भीतर और दूसरी; उनके भीतर और अनेक; इस प्रकार यह सिलसिला केले के तने की भाँति चलता ही रहता है ।। ३५ ।।

परस्पर अदृष्ट अनन्त सृष्टियाँ :—

प्रत्येक जीव के भीतर बहुत सी नाना प्रकार की एक दूसरी के प्रति अज्ञात सृष्टियाँ उदय हो रही हैं ।। ३६ ।।

सब कुछ सदा सब जगह है :—

सब कुछ सभी स्थान पर सदा ही सब रूप वाले (ब्रह्म) में है परब्रह्म में सब पदार्थ सर्व रूप से सर्वदा सब जगह है ।। ३७ ।।

जगत् अनन्त है :—

इस ब्रह्मरूपी आकाश में अनन्त प्रकार के अनन्त जगत् इस प्रकार उत्पन्न और नष्ट होते रहते हैं जैसे कि समुद्र में लहरें ।। ३८ ।।

सृष्टि और प्रलय का बार बार होना :—

जैसे चैत्र के महीने में नये अङ्कुर उत्पन्न होते हैं और ग्रीष्म ऋतु में सब रस सूख जाते हैं उसी प्रकार जीवगण उत्पन्न होते हैं और जहाँ से उत्पन्न हुए थे उसी में लय को प्राप्त हो जाते हैं ।। ३९ ।।

तीन आकाश:—

आकाश, चित्ताकाश और चिदाकाश—ये तीन आकाश (सर्व व्यापक पदार्थ) हैं । इनमें चिदाकाश सबसे सूक्ष्म है ।। ४० ।।

मन का रूप :—

अनन्त, सर्वशक्तियुक्त, महान् आत्मा के सङ्कल्प शक्ति द्वारा रचे हुए रूप का नाम मन है ।। ४१ ।।

मन और ब्रह्म में भेद :—

चेत्य (दृश्य) से रहित चित् (आत्मा) सनातन ब्रह्म है । वही चित् (आत्मा) चेत्य (दृश्य) युक्त होने पर मन कहलाता है ।। ४२ ।।

मन के रूप और नाम :—

जैसे एक ही नट (नाटक का पात्र) अनेक रूप धारण कर लेता है वैसे ही भिन्न भिन्न कार्यों को करते समय मन भी अनेक नाम और रूपों को धारण कर लेता है ।। ४३ ।। नाना प्रकार की क्रियायें करते समय मन के अनेक नाम होते हैं—कभी यह जीव कहलाता है, कभी वासना और कभी कर्म इत्यादि ।। ४४ ।।

जीवों का बन्धन अपने ही संकल्प से है :—

अपनी वासनाओं के द्वारा प्राप्त दशा से वशीभूत होने के कारण जीव नाना प्रकार के बन्धनों में बँधे हुए हैं ॥ ४५ ॥

जीव असंख्य हैं :—

इस प्रकार संसार की भावना से युक्त, चिति के रूपान्तर जीव, कल्पित आकार वाले ब्रह्मा से, लाखों और करोणों की संख्या में उत्पन्न हुए ॥ ४६ ॥ पहिले भी यह जीव असंख्य तादाद में पैदा हुए, और अब भी अनगिनित उत्पन्न होते हैं। झरने से झरते हुए जल के कणों की तरह आगे भी असंख्य जीव पैदा होंगे ॥ ४७ ॥

मन का महत्व:—

जीव सङ्कल्परूप है। यह हृदय में जो कुछ संकल्प करता है वह शीघ्र ही उसी रूप से बाहर (बाह्य जगत) में प्रकट होता है ॥ ४८ ॥ जीव आप ही अपने सभी अभीष्टों को शीघ्र अपनी शक्ति से सम्पादित कर लेता है। प्रत्येक जीव में चित्-शक्ति (आत्मा की अनन्त और अपार शक्ति) वर्तमान है ॥ ४९ ॥ जो जो जिस जिस वस्तु की जब जब जैसी जैसी कल्पना करता है सो सो उस उस वस्तु का उस उस समय उसी प्रकार अनुभव करता है ॥ ५० ॥ निर्मल तथा सात्विक मन जिस वस्तु में जैसी भावना करता है, वह वस्तु शीघ्र ही उसी रूप में परिणत हो जाती है, जैसे कि जल आवर्त रूप में ॥ ५१ ॥ यत्न नाम वाले अपने ही पुरुषार्थ से, जिसका नाम दृढ़ अभ्यास है, मनुष्य को संसार में कामयाबी होती है; किसी दूसरे साधन से नहीं ॥ ५२ ॥ मन की मूर्खता से दुःख पहाड़ की चोटी की नाईं बढ़ते हैं और मन के वश में होते ही दुःखों का इस प्रकार नाश हो जाता है जैसे कि सूर्य के उदय होने पर पाले का ॥ ५३ ॥ जैसे रेशम का कीड़ा अपने रहने के लिए अपने आप ही अपना कोश तैयार कर लेता है वैसे ही मन ने भी यह शरीर अपनी वासनाओं की पूर्ति करने के लिये बनाया है ॥ ५४ ॥ अपने

भीतर ही यदि शान्ति प्राप्त हो गई, तो सारा संसार शान्त दिखाई पड़ने लगता है । जो अपने भीतर ही तृष्णा की आग से जल रहा हो उसके लिये सारे संसार में आग सी लगी रहती है ॥ ५५ ॥ मन के पूर्ण होने पर सारा संसार अमृत से भरपूर दिखाई पड़ता है, जैसे कि जूता पहने हुए पुरुष के लिये समस्त पृथ्वी चमड़े से ढकी हुई सी प्रतीत होती है ॥ ५६ ॥ हे राघव ! इस भ्रम पैदा करने वाले, घूमने वाले, संसाररूपी मायाचक्र की नाभि चित्त है ॥ ५७ ॥ इस नाभि को बुद्धि और पुरुषार्थ द्वारा जोर से पकड़ कर रोक लेने से मायाचक्र की गति रुक जाती है ॥ ५८ ॥

मैं कौन हूँ ? :—

फूलों में मैं खुशबू हूँ, मैं फूल पत्तियों का सौन्दर्य हूँ । सुन्दर वस्तुओं की रूप कला मैं हूँ; और सब रूपों में मैं अनुभव हूँ ॥ ५९ ॥ जो यह समझता है कि "मैं चित्त नहीं हूँ, मैं वह आत्मा हूँ जिसमें जगत की सारी वस्तुएँ इस प्रकार पिरोई हुई हैं जैसे कि माला के तागे में उसके मोती," वही ठीक समझता है ॥ ६० ॥ जो यह समझता है कि जैसे तरङ्ग समुद्र का एक क्षुद्र अङ्ग है वैसे ही तीनों लोकों में जो कुछ है वह मेरा ही अङ्ग है" वही ठीक ससझता है ॥ ६१ ॥

मौत :—

ऐसा कहना कि मरा हुआ प्राणी नष्ट हो गया है बिलकुल झूठ है । वह तो मरने पर दूसरे देश और काल में दूसरी सृष्टि का अनुभव करने लगता है ॥ ६२ ॥ मिथ्या मौत की मूर्छा का कुछ देर तक अनुभव करके, पूर्व अवस्था को भूल कर, जीव दूसरी अवस्था का अनुभव करने लगता है ॥ ६३ ॥ जहाँ पर यह प्राणी मरता है उसी स्थान पर शीघ्र ही इसी प्रकार से स्थित दूसरे जगत् का अनुभव करता है ॥ ६४ ॥ जैसे पक्षी एक वृक्ष से उड़कर दूसरे वृक्ष पर चले जाते हैं उसी प्रकार सैकड़ों आशारूपी फाँसों में जकड़े हुए, वासनाओं को हृदय में धारण किये हुए, जीव एक शरीर से दूसरे शरीर में जाते हैं ॥ ६५ ॥ अज्ञानी

जीव जब तक अपने शुद्ध आत्मा का दर्शन नहीं कर लेते तब तक जल में भँवरों के समान भ्रमण करते रहते हैं ।। ६६ ।। चेतन पुरुष न कहीं मरता है और न उत्पन्न होता है। केवल स्वप्न-भ्रम की तरह इस जगत् के भ्रम का अनुभव करता है ।। ६७ ।। मनुष्यों की आयु के अधिक और कम होने में देश, काल, क्रिया और द्रव्यों की तथा उनके किये हुए कर्मों की शुद्धि और अशुद्धि ही कारण होते हैं ।। ६८ ।।

ब्रह्मा :—

सृष्टि के आदि में स्वप्नपुरुष की नाईं जो आदि प्रजापति (प्रथम सृष्टिकर्ता ब्रह्मा) उत्पन्न हुआ था वह अब भी स्थित है ।। ६९ ।। मन ब्रह्मा का स्वरूप है और ब्रह्मा मन का स्वरूप है। मन का रूप धारण करके ही ब्रह्मा सृष्टि उत्पन्न करता है ।। ७० ।। देश, काल आदि से अपरिमित आत्मतत्त्व अपनी ही शक्ति से लीला द्वारा देश और काल से परिमित रूप को धारण कर लेता है ।। ७१ ।। निज स्वभाव से प्रेरित होकर वह स्वयं ही यह भावना करता है कि मैं दूसरा हूँ। और इस भावना के कारण वह स्वयं कल्पित अन्यता को प्राप्त होता है ।। ७२ ।। इस स्वयंभू (ब्रह्मा) का शरीर सूक्ष्म ही है; स्थूल नहीं है ।। ७३ ।। यह जगत् ब्रह्मा का आकार धारण करने वाले मन नामक जीव (ब्रह्मा) का मनोराज्य (कल्पना) है, किन्तु सत्य प्रतीत होता है ।। ७४ ।।

शक्ति :—

सब का ईश्वर (नियन्ता) ब्रह्म सब शक्तियों से सम्पन्न है। वह जिस शक्ति को चाहे जहाँ पर प्रकट कर सकता है ।। ७५ ।। जैसे शरीरधारी मनुष्य की इच्छा कल्पना के नगर की रचना कर लेती है वैसे ही भगवान की स्पन्दनशक्तिरूपिणी इच्छा इस दृश्य जगत् की रचना करती है ।। ७६ ।। परमेश्वर (शिव) की वह स्वाभाविक स्पन्दनशक्ति

प्रकृति कहलाती है और वही जगन्माया (जगत् को रचने वाली) के नाम से भी प्रसिद्ध है ।। ७७ ।। जिस प्रकार चेतन मकड़ी से जड़ जाले की उत्पत्ति होती है उसी प्रकार नित्य ज्ञानस्वरूप पुरुष (ब्रह्म) से प्रकृति उत्पन्न होती है ।। ७८ ।। जिस प्रकार वायु और उसका चलना और अग्नि तथा उसकी उष्णता एक ही है; उसी प्रकार चिन्मात्र (ब्रह्म) तथा उसकी स्पन्दनशक्ति एक ही हैं ।। ७८ ।।

परम ब्रह्म :—

